प्रकाशनार्थ

26 जुलाई 2024 गोरखपुर

हर साल 26 जुलाई के दिन भारत कारगिल विजय दिवस मनाता है माँ भारती की रक्षा करने वाले वीर जवानों को याद कर उन्हें श्रध्दांजलि दी गयी। साल 1999 में कारगिल युध्द में देश के वीर जवानों ने पाकिस्तान को धुल चटा दी थी। और यह युध्द 2 महिनों तक चला था। आज इसी के उपलक्ष्य में हमारे गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल ने रक्तदाताओं को रक्तदान से संबधित आवश्यक जानकारियों एवं सावधानियों से अवगत कराया, इनकी उपस्थिति से रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला तथा रक्तदान के सबंध में अनावश्यक भं्रातिया को दूर किया गया। उन्होनें शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा की रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गंम्भीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ0 डी0 सी0 ठाकुर ने भी रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए उन्हंे हर तीन माह बाद रक्तदान करने की अपील की।

इस अवसर पर कुल 20 लागों ने रक्तदान किया जैसे- संदीप यादव, सुजीत पटेल, अखिलेश, सुरज कुमार, रवि कुमार, कमलेश दूबे, बिपिन सिंह तथा अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रक्त कोष टेक्नीशियन अमित मिश्रा, निधि नायक गार्गी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चिकित्सालय के चिकित्सक गण भारी संख्या में रक्तदाता तथा नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्तदाताओं के रक्तदान के उपरांत सम्मान पत्र, रिंग, मग आदि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ0 कामेश्वर सिंह ने उपस्थित समस्त रक्तदाताओं तथा नगर के गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सक गण का हृदय से आभार व्यक्त किए तथा धन्यवाद ज्ञापित किए।